# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 22.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 21.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). आज दिनाँक 22.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आयी फरियादी की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

(3). आज दिनाँक 22.06.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक श्री सूर्यकान्त अरुण राय के मार्गदर्शन में डॉग स्क्वॉयड ,एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा पुर्णिमा पर्व के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, निर्मोही अखाड़ा परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में कोतवाली कर्वी पुलिस एवं एसओजी चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा कोतवाली कर्वी अन्तर्गत हुयी ट्रक(ट्रेलर) लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुये 04 लूटेरें अभियुक्तों को लूट का 22 चक्का ट्रक(ट्रेलर) सीमेण्ट लदा, घटना में प्रयुक्त 01 कार, 01 अदद मोबाइल ,01 अदद तमंचा व 02 अदद कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-</u>**

1. राधे उर्फ फुल्लू पुत्र रामसेवक निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी
2. जाकिर पुत्र मो0 साकिर निवासी लाइन बाबा दरगाह नई बाजार भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी
3. राधेश्याम पुत्र जीवनलाल सरोज निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी
4. अंकेश पुत्र सुरेश सरोज मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी

**<u>अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-</u>**

**<u>राधे उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-</u>**

मु0अ0सं0 385/2020 धारा 147,148,308,506 भादवि0 थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी
मु0अ0सं0 396/2024 धारा 394,411,120बी,109,414,201 थाना कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट

**<u>जाकिर उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-</u>**

मु0अ0सं0 623/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी
मु0अ0सं0 396/2024 धारा 394,411,120बी,109,414,201 थाना कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट

**<u>राधेश्याम उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-</u>**

मु0अ0सं0 396/2024 धारा 394,411,120बी,109,414,201 थाना कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट

**<u>अंकेश उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-</u>**

मु0अ0सं0 396/2024 धारा 394,411,120बी,109,414,201 थाना कोत0 कर्वी जनपद चित्रकूट

**बरामदगीः-**

1. लूटा गया 22 चक्का सीमेण्ट लदा ट्रक(ट्रेलर) नम्बर MP 33 H 1865
2. घटना में प्रयुक्त 01 रिनॉल्ट लॉजी कार नम्बर UP 14 CQ 0585
3. 01 अदद तमंचा व 02 अदद कारतूस 315 बोर
4. 01 अदद मोबाइल(टेक्नो स्पार्क कम्पनी)

**गिरफ्तारी का स्थान व समयः-**

ग्राम चकजाफर भरकुर्रा मोड ताम्रबनी को जाने वाली मोड़ से करीब 01 किमी एवं मूरतगंज कस्बा(कौशाम्बी) के आगे मेला बाग के मैदान में पीछे की ओर

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनाँक 17.06.2024 को वादी हरिओम गुप्ता पुत्र स्व0 मंगल शरण गुप्ता निवासी संग्राम कॉलोनी जनपद सतना द्वारा कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि दिनाँक 15.06.2024 को उनका सीमेण्ट से लदा ट्रेलर जिसे समय करीब 11.30 बजे दिन में ड्राइवर,खलाशी द्वारा नो एंट्री में सोनेपुर के पास रोड पर खड़ा किया गया था, जिसको अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में लगभग 01.30 बजे वादी मुकदमा के सीमेन्ट से भरे ट्रेलर को चोरी कर लिए थे। वाहन का पता लगाते रहे किन्तु कोई पता नही लग पाया जिस पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 396/2024 धारा 380 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था । दौरान विवेचना बयान वादी मुकदमा व खलाशी इन्द्रबहादुर के बयान से यह तथ्य प्रकाश में आया कि उपरोक्त दिनांक व समय को 04 अभियुक्त 1.राधे उर्फ फुल्लू 2. जाकिर 3. प्रसादे 4. अली काले रंग की चार पहिया कार UP14CQ0585 (रिनॉल्ट लॉजी कार) से आकर खलाशी से मारपीट कर ट्रेलर की चाभी व उसका मोबाइल छिनकर ट्रेलर को मय माल सहित कर्वी होते हुए जनपद से बाहर राजापुर रोड की तरफ भाग गए थे । वादी मुकदमा द्वारा चोरी का मुकदमा लिखाये जाने के सम्बन्ध में पूछा गया तो वादी मुकदमा ने बताया कि मेरे वकील ने कहा था कि यदि तुम लूट का मुकदमा लिखवाओगे तो बीमा क्लेम मिलने में आपको बहुत समय लगेगा जिस कारण मैने चोरी का मुकदमा लिखवा दिया हैं।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा घटना का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं एसओजी टीम को घटना के सफल अनावरण हेतु लगाया गया था । घटना के अनावरण हेतु कोतवाली कर्वी एवं एसओजी टीम लगातार प्रयासरत थे कि दिनाँक 22.06.2024 की रात्रि में मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी एवं एसओजी टीम द्वारा गाड़ी नम्बर UP14CQ0585 (रिनॉल्ट लॉजी कार ) जो राजापुर से पहाड़ी की ओर आ रही है जिसमें सवार अभियुक्त 1. राधे उर्फ फुल्लू पुत्र रामसेवक निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जमपद कौशाम्बी 2. जाकिर पुत्र मो0 साकिर निवासी लाइन बाबा दरगाह नई बाजार भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । जामा तलाशी से अभियुक्त राधे उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर व सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर बताया गया कि 15/16.06.2024 की रात्रि में अपने दोस्तो के चक्कर में व पैसो के लालच में आकर नो एंट्री सोनेपुर रोड़ किनारे खड़े सीमेण्ट से लदे ट्रेलर(ट्रक) को खलाशी से मारपीट कर उससे ट्रेलर की चाबी व मोबाइल छीनकर उसी ट्रेलर में लदी सीमेण्ट को बेचने के चक्कर में 1. राधे उर्फ फुल्लू पुत्र रामसेवक निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जमपद कौशाम्बी 2. जाकिर पुत्र मो0 साकिर निवासी लाइन बाबा दरगाह नई बाजार भरवारी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी 3. प्रसादे पुत्र सूरजपाल निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज

जमपद कौशाम्बी 4. अली पुत्र मुन्ना निवासी पुलिस चौकी के पीछे भरवारी गांधीनगर थाना कोखराज जमपद कौशाम्बी भाग गए थे। लूटे हुए ट्रेलर के बारे में पूछा गया तो दोनो अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों ने अपने साथियों **1. अली 2. नीलू 3.प्रसादे 4.अंकेश 5. राधेश्याम** के साथ मिलकर ट्रेलर को छिपाने की योजना बनाई योजना के मुताबिक लूटे गए ट्रेलर को मय माल के मूरतगंज कस्बा के आगे मेला बाग के मैदान में पीछे की ओर छिपा दिया और निरगानी के लिए तीनों साथियों 1.राधेश्याम UP14CQ0585 (रिनॉल्ट लॉजी कार ) का मालिक 2. अंकेश 3.नीलू को लगा दिया । दोनों अभियुक्तों द्वारा बताए गये स्थान पर जाकर देखा गया तो 01 ट्रेलर तिरपाल से ढका हुआ दिखाई दिया जिसमें तीन अभियुक्त बैठे दिखाई दिए अचानक हम पुलिस वालो को देखकर कूदकर भागने की कोशिश की जिसमें से 02 अभियुक्तों 1. राधेश्याम पुत्र जीवनलाल सरोज निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी 2. अंकेश पुत्र सुरेश सरोज मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी गिरफ्तार किया गया। 3. नीलू पुत्र तीरथ सरोज निवासी मुहम्मदपुर असवा थाना कोखराज जनपद चित्रकूट अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा । उपरोक्त मुकदमें में माल बरामदगी के आधार पर धारा 394,411,120बी,109,414,201 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

| **गिरफ्तार करने वाली कोतवाली कर्वी टीम-** | **गिरफ्तार करने वाली एसओजी टीमः-** |
|---|---|
| 1.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह | 1. प्रभारी निरीक्षक एसओजी श्री एमपी त्रिपाठी |
| 2.अपराध निरीक्षक लाखन सिंह | 2. आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा |
| 3.उ0नि0 श्री अंशुल कुमार | 3. आरक्षी पवन राजपूत |
| 4.आरक्षी राहुल देव | 4. आरक्षी रोहित सिंह |
| 5.आरक्षी नीतू द्विवेदी | 5. आरक्षी रोशन सिंह |
| | 6. आरक्षी गोलू भार्गव |
| | 7. आरक्षी राघवेन्द्र |

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राहुल सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी आदित्य कुमार व आरक्षी संजीव सोनी द्वारा मु0अ0सं0 373/2024 धारा 307/308/323/504 भा0द0वि0 के वांछित अभियुक्त गोलू यादव उर्फ अभिषेक कुमार पुत्र रामगोपाल यादव निवासी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया ।

(6). वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध पीड़ितों को रोकथाम हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री राज कमल के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी, निरीक्षक श्री निशीकान्त राय तथा उनकी टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास करते हुये माह जून में कुल 09 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के कुल 3,73,971/- रुपये अथक परिश्रम कर उनके खातों में वापस कराये गये हैं ।

साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक श्री निशीकान्त राय, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा अथक प्रयास करके 09 पीडितों का रुपया बरामद कराया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल उपलब्ध है आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः आँन-लाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि कैसे-कैसे हम साइबर ठगी का शिकार हो सकते है और क्या सावधानी अपनायें की साइबर ठगी से बचा जा सके। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरुक किया जाता हैं एवं साइबर अपराध की शिकायत प्राप्त होने पर पीड़ितों की शिकायत दर्ज कर अथक प्रयास करते हुये सम्बन्धित बैंंकों से समन्वय स्थापित कर पीड़ितों की धनराशि वापस करायी जाती है।

नोट- किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नं0 1930 पर तुरंत क़ॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर कम्पलेंट रजिस्टर करें या अपनें थाना के साइबर हेल्प डेस्क / जनपदीय साइबर सेल को तत्काल सूचना दें

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

(क). प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेन्द्र प्रसाद थाना सरधुवा तथा उनके हमराही आरक्षी धर्मेन्द्र, आरक्षी मुकद्दर सिंह द्वारा मु0अ0सं0 15/2024 धारा 363 भादवि0 व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के वांछित अभियुक्त अर्जुन कुमार पुत्र विशम्भर प्रजापति निवासी बक्टा बुजुर्ग थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ख). प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रविकान्त राय थाना रैपुरा द्वारा मु0अ0सं0 101/2024 धारा 354 भादवि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त जागेश पुत्र श्यामलाल निवासी रामपुर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(8). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में उ0नि0 यूटी श्री पवन चौधरी एवं उनकी टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर कस्बा मानिकपुर में छापेमारी की गयी तो मौके से अभियुक्त 1. अशरफ नवाज पुत्र मो0 नवाज 2. रसूल मो0 पुत्र नवी बक्श 3. सोनू यादव पुत्र दिनेश यादव निवासीगण महावीर नगर मानिकपुर जनपद चित्रकूट 4. लवकुश पुत्र लल्लू द्विवेदी निवासी शास्त्री नगर मानिकपुर जनपद चित्रकूट 5. विजय कुमार पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी आर्यनगर थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट 6. धनकुमार पुत्र रामहेत यादव निवासी एलाह बड़हिया थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया जो आपस में मिलकर ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहा था मौके से

मालफड़ 27600/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 1900/- रुपये बरामद किये गये तथा अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी-**

(1).मालफड़ से 27600/- रुपये
(2).52 अदद ताश के पत्ते
(3).जामा तलाशी से 1900/- रुपये

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 पवन चौधरी थाना मानिकपुर
2.आरक्षी विनोद यादव
3.आरक्षी भाष्कर शुक्ला
4.आरक्षी अमित द्विवेदी

(9). आज दिनाँक 22.06.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना मानिकपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।
इस दौरान तहसीलदार मानिकपुर श्री अवधेश कुमार गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल, पीआरओ श्री प्रदीप कुमार पाल तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(10). आज दिनाँक 22.06.2024 को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में थाना सरधुवा एवं थाना पहाड़ी में थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।
इस दौरान थाना सरधुवा में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी तथा थाना पहाड़ी में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह एवं राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रेस नोटः-चित्रकूट पुलिस
CO राजापुर ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रैपुरा में फरियादियों की समस्याओं को सुना

आज दिनाँक 22.06.2024 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।